नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 277/2021
Dt-7-8-2021

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
मधुबनी।

विषयः—**लखनौर प्रखंड स्थित झंझारपुर रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र में स्थायी कोविड वैक्सीन सेंटर बनाने के संबंध में।**

महाशय,

लखनौर प्रखंड स्थित झंझारपुर रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र के निकट मुख्य बाजार, बस स्टैंड, बैंको की शाखाएँ, वाणिज्य कर का कार्यालय, कोशी कॉलोनी, पोस्ट ऑफिस, पदाधिकारियों के आवास एवं कई सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान होने के कारण यहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन लगा रहता है।

कोविड वैक्सीन की लक्ष्य प्राप्ति एवं लोगों के आवागमन को देखते हुये झंझारपुर स्टेशन परिक्षेत्र में स्थायी वैक्सीन सेंटर बनाये जाने की आवश्यकता है।

अतः अनुरोध है झंझारपुर रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र में स्थायी कोविड वैक्सीन सेंटर बनाने हेतु तत्काल कार्रवाई करना चाहेंगे ताकि अधिकाधिक लोगों को वैक्सीन लेने की सुविधा एवं वैक्सीन के पूर्ण लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 7.8.21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in